भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1020**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**हिंसा में संलिप्त संगठनों के साथ कोई वार्ता न किया जाना**

**1020. श्री एस० थंगावेलु :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सभी को यह स्पष्ट कर दिया है कि हिंसा में संलिप्त संगठन के किसी भी समूह से कोई वार्ता नहीं की जाएगी;
(ख) क्या यह भी सच है कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई भी जगह नहीं है और वार्ता के लिए दरवाजे केवल उन्हीं के लिए खुले हुए हैं जिन्होंने हिंसा का त्याग कर दिया है; और
(ग) क्या यह भी सच है कि अब अनेक उग्रवादी संगठन हिंसा को छोड़ने के लिए सरकार के साथ वार्ता कर रहे हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)

**(क) और (ख) : सरकार केवल उन गुटों के साथ वार्ता करती है जो हिंसा छोड़ देते हैं । लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है ।**

**(ग) : जी, हां । हिंसा त्यागने के उपरांत, पूर्वोत्तर में अनेक संगठन अपनी शिकायतों के निराकरण हेतु वार्ता के लिए आगे आए हैं ।**

*****